Total Pages : 8

H-7523

M.A. (Semester-II) Examination, July 2022

प्रयोजनमूलक हिन्दी

(कोश विज्ञान)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 70

Minimum Passing Marks : 25

निर्देशः यह प्रश्न-पत्र चार इकाईयों में विभक्त है। सभी चार इकाईयों से निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। अंकों का विभाजन प्रत्येक इकाई में दिया गया है।

इकाई-अ

निर्देशः निम्नलिखित में से **किन्हीं दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न **1** अंक का है। [1×10=10]

1. (i) मानक हिन्दी कोश को प्रकाशित करने वाली संस्था का नाम बताइए।

(ii) कोमल के पाँच समानार्थक शब्द कौन-कौन से है?

(iii) 'छत्तीसगढ़ी मुहावरा कोश' के संपादकों का नाम क्या है?

(iv) 'अर्थसहितशब्दसंकलनरूपं कोश' का क्या तात्पर्य है?

(v) आचार्य रघुवीर किस रूप में विख्यात हैं?

(vi) संस्कृत कोशकार अमर सिंह की रचना का नाम है :

(क) अष्टाध्यायी

(ख) नामलिंगानुशासनं

(ग) महाभाष्य

(घ) वाक्यपदीय

(vii) हिन्दी शब्दसागर का प्रकाशन कहाँ से हुआ है?

(क) आगरा

(ख) पटना

(ग) प्रयागराज

(घ) काशी

(viii) 'कोश कला' नामक प्रकाशित पुस्तक किसकी है?

(क) रामचंद्र शुक्ल

(ख) रामचंद्र तिवारी

(ग) रामचंद्र वर्मा

(घ) इनमें से कोई नहीं

(ix) हिन्दी कोशकार के रूप में किसकी गणना नहीं होती है?

(क) रामचंद्र वर्मा

(ख) नरेन्द्र कोहली

(ग) हरदेव बाहरी

(घ) बदरीनाथ कपूर

(x) 'हिंदी कोश रचना' नामक पुस्तक के लेखक हैं :

(क) रामचंद्र वर्मा

(ख) वासुदेव सिंह

(ग) बलदेव उपाध्याय

(घ) भोलाशंकर व्यास

(xi) शब्द कोश की परम्परा का विकास किससे माना जाता है?

(क) संस्कृत-निघंटु

(ख) अंग्रेजी शब्द कोश

(ग) हिन्दी-नाममाला

(घ) नामलिंगानुशासन

(xii) प्रसिद्ध कोशकार डॉ. रामचंद्र वर्मा का सम्बन्ध किस शहर से है?

(क) मिर्जापुर

(ख) रायपुर

(ग) वाराणसी

(घ) पटना

इकाई-ब

निर्देशः निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों का उत्तर **25-30** शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है। [2×5=10]

2. (i) बहुभाषी कोश को परिभाषित कीजिए।

(ii) थिसारस का सीधा अभिप्राय बताइए।

(iii) थिसारस लेखन की परम्परा का विकास कब हुआ है?

(iv) वैज्ञानिक तकनीकि आयोग का परिचय बताइए।

(v) हिन्दी कोश के निर्माण में प्रयास करने वाले व्यक्तियों का उल्लेख कीजिए।

(vi) विश्वकोश के विषय में संक्षिप्त जानकारी दीजिए।

(vii) संदर्भ कोश और व्युत्पत्ति कोश के मध्य अंतर को स्पष्ट कीजिए।

इकाई-स

निर्देशः निम्नलिखित में से **किन्हीं पाँच** प्रश्नों का उत्तर **250** शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है। [4×5=20]

3. (i) शब्द कोश और हिन्हीं थिसारस के विषय में विस्तार से बताइए।

(ii) हिन्दीं की पारिभाषिक शब्दावली के निर्माण का इतिहास बताइए।

(iii) हिन्दी कोश में संकेताक्षर निर्माण की समस्याओं को सोदाहरण बताइए।

(iv) शब्दावली निर्माण की प्रक्रियाओं का उल्लेख कीजिए।

(v) हिन्दी में प्रचलित कूट पदों का प्रयोग और उपयोगिता का वर्णन कीजिए।

(vi) कोश निर्माण में शब्दार्थ निरूपण का स्वरूप बताइए।

(vii) कोश निर्माण में आने वाली विभिन्न समस्याओं का उल्लेख कीजिए।

इकाई–द

निर्देशः निम्नलिखित में से **किन्हीं तीन** प्रश्नों का उत्तर **500** शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न **10** अंक का है। [3×10=30]

4. (i) हिन्दी कोश निर्माण के इतिहास का सिंहावलोकन कीजिए।

(ii) कोश विज्ञान का अर्थ बताते हुए उसके विभिन्न रूपों पर प्रकाश डालिए।

(iii) हिन्दी के प्रमुख कोशों का परिचय देते हुए किसी एक प्रमुख कोशकार का परिचय दीजिए।

(iv) शब्दावली निर्माण की प्रक्रिया का विस्तार पूर्वक उल्लेख कीजिए।

----x----